भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु.50

भारत

सत्यमेव जयते

INDIA

FIFTY RUPEES Rs.50

INDIA NON JUDICIAL

मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH BW 605515

(255)

अपील क्रं......................./2025

प्रस्तुति दिनांक 24/09/2025

माननीय मीरा अय्यर महोदय, प्रथम अपीलीय अधिकारी, भारतीय वन सर्वेक्षण कौलागढ़ मार्ग, देहरादून - 248195 के समक्ष

श्रीमती मेद्या जोशी पति श्री अक्षय जोशी
निवासी 78 दुर्गा नगर मरीमाता चौराहा
इंदौर म.प्र.

..........अपीलांट

विरूद्ध

लोक सूचना अधिकारी , श्री कमल पाण्डेय, गिरीश अरोड़ा
फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया
कौलागढ़ रोड पीओआईपीई
देहरादून कोड

........प्रत्यर्थी

मेधा

RTI Cell 29/9/2025

(254)

6383   19 SEP 2025   50/-

मेघा जोशी पति अक्षत जोशी पिता-स्व. विरेन्द्र प्रोहित
78, पुरी नगर मरीमाता चौराहा इन्दौर
मो. 8265-6623-7667

द्वारा स्वयं मेघा जोशी

19 SEP 2025

सुमित दुबे
स्टाम्प वेण्डर
78/9, नन्दानगर, इन्दौर (म.प्र
मो-9752398454

प्रथम अपील 19 (3) सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत

अपीलांट द्वारा माननीय फारेस्ट सर्वे आफ इंडिया कोलागढ रोड पीओआईपीई देहरादून में पदस्थ श्री अक्षय जोशी पिता लक्ष्मीनारायण जोशी दिनांक 01.08.2025 से सेवा नियुक्ति बढ़ाने व वेतन की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु आवेदन दिनांक 14.08.2025 को पंजीकृत डाकर से प्रेषित किया था ।

प्रत्यर्थी द्वारा अपीलांट को श्री अक्षय जोशी वरिष्ठ टैक्निकल एसोसिएट के पद पर पदस्थ होने संबंधी जानकरी दिनांक 12 सितम्बर 2025 के पत्र के द्वारा प्रदत्त की गई है किन्तु श्री अक्षय जोशी के वेतन के संबंध में जानकारी नहीं दी जाकर उनकी नियुक्ति के संबंध में प्रमाणित प्रदत्त की गई है । उक्त आदेश से असंतुष्ट होकर यह प्रथम अपील निम्नांकित तथ्यों तथा आधारों पर सदर निम्नानुसार प्रस्तुत है –

1. यह कि अपीलांट द्वारा माननीय फारेस्ट सेर्व ऑफ इंडिया कोलगढ रोड पीओआईपीई देहरादून में पदस्थ श्री अक्षय जोशी पिता श्री लक्ष्मीनारायण जोशी के पद व वेतन की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करने हेतु आवेदन दिनांक 14.08.2025 के पत्र के द्वारा प्रदत्त की नहीं गई किन्तु श्री अक्षय जोशी पिता श्री लक्ष्मीनारायण जोशी के वेतन की जानकारी प्रदत्त न करते हुये लेख किया गया है ।

उक्त आदेश से असंतुष्ट होकर यह अपील माननीय न्यायालय के समक्ष निम्न वैधानिक आधारों पर सादर प्रस्तुत करता है ।

–: आधार :–

1. यह कि अपीलांट द्वारा श्री अक्षय जोशी को कितना वेतन प्राप्त हो रहा है इसकी जानकारी चाही गई थी, किन्तु प्रत्यर्थी द्वारा मात्र यह जानकारी दी है कि नियुक्ति बढाई गई है । किन्तु जबकि अपीलांट को श्री अक्षय जोशी के वेतन की संपूर्ण जानकारी प्रदत्त नहीं कर त्रुटि कारित की है ।

2. यह कि प्रत्यर्थी द्वारा प्रदत्त जानकारी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध होकर अपीलांट को समस्त जानकारी प्रदान की जाना चाहिये ।

3. यह कि प्रत्यर्थी द्वारा सरसरी तौर पर जानकारी देकर गंभीर त्रुटि की है ।

4. यहकि यह अपील निश्चित न्याय शुल्क पर प्रस्तुत है ।

6. यह कि यह अपील नियत समयावधि में प्रस्तुत है ।

अतः निवेदन हैकि अपीलांट को वेतन की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदान करने की कृपा करें ।

दिनांक 24/09/2025

स्थानः इन्दौर

अपीलार्थी

मेधा पुरोहित (जोशी)

मेधा पति अक्षय जोशी

First Appeal
Speed Post

(289)

संख्या–13–16 / 2022–आर0टी0आई0 - 2152
भारत सरकार
भारतीय वन सर्वेक्षण
पे0ऑ0–आई0पी0ई0, कौलागढ़ मार्ग
देहरादून–248195

दिनांकः 17th अक्टूबर, 2025

सेवा में,

श्रीमती मेघा जोशी पति श्री अक्षय जोशी
निवासी 78, दुर्गानगर
मेरीमाता चौराहा
इन्दौर (मध्य प्रदेश)

Sub:- First Appeal Application under The RTI Act, 2005 with reference to RTI application dated 14.08.2025 reg.
Ref:- RTI appeal dated 24.09.2025.

महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि संबंधित सूचना की उपलब्ध जानकारी सी0पी0आई0ओ0 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है (प्रति संग्लन) एवं अपीलकर्ता अन्य अतिरिक्त जानकारी हेतु नया आर0टी0आई0 आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत कर जानकारी प्राप्त कर सकती है।

इसलिए, उपरोक्त प्रथम अपील आर0टी0आई0 अधिनियम, 2005 के तहत निस्तारित की जाती है।

भवदीया,

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

शिवानी

(शिवानी डोगरा)
प्रथम अपीलीय अधिकारी
भारतीय वन सर्वेक्षण
कौलागढ़ मार्ग, देहरादून–248195
फोन नम्बरः– 01352755037

प्रेषित
17/10/25

First Appeal (288)

संख्या–13–2 / 2025–आर0टी0आई0 -2267

भारत सरकार

भारतीय वन सर्वेक्षण

पे0ऑ0–आई0पी0ई0, कौलागढ़ मार्ग

देहरादून–248195

दिनांकः 13 अक्टूबर, 2025

सेवा में,

प्रथम अपीलीय अधिकारी
भारतीय वन सर्वेक्षण
कौलागढ रोड, देहरादून।

Sub:- First Appeal Application under The RTI Act, 2005.

Ref:- 1. Original RTI application dated 14.08.2025
2. CPIO Reply dated 12.09.2025
3. RTI Appeal dated 24.09.2025

महोदया,

उपरोक्त विषय में 1 और 2 के संदर्भ (सेवा अवधि बढ़ाने अथवा वेतन वृद्धि बढ़ाने की प्रमाणित प्रतिलिपी) से संबंधित सूचना आर.टी.आई. अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मांगकर्ता को प्रेषित कर दी गई थी।

भवदीया,

सुगंधा श्रीवास्तव

(सुगंधा श्रीवास्तव)

लोक सूचना अधिकारी

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

DD (FC/M-E)

13/10/2025

14-10-25

(287) 35

प्रपत्र एक

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

(सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(1) के अंतर्गत

आवेदन–पत्र का प्रारुप)

1. आवेदक का नाम श्रीमती मेघा पति श्री अक्षय जोशी
2. पूरा पता/ई–मेल/फैक्स जिस पर जानकारी प्रेषित की जानी है 78, दुर्गा नगर, मरीमाता चौराहा, इन्दौर (म.प्र.)
3. दूरभाष क्रमांक 8889813823
4. आवेदन देने का दिनांक 14-08-2025
5. कार्यालय का नाम भारतीय वन सर्वेक्षण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार कौलागढ़ रोड, पो. ओ.- आई. पी. ई, देहरादून - 248195
6. चाही गई जानकारी का विवरण
   दिनांक 01 अगस्त 2025 से श्री अक्षय जोशी, ज. टेक्निकल एसोसिएट की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की सेवा अवधि बढ़ाने अथवा वेतन बढ़ाने की प्रमाणिक प्रतिलिपि प्रदान करें।
7. क्या चाहते हैं नकल/निरीक्षण/रिकार्ड निरीक्षण/रिकार्ड की प्रमाणित प्रति/प्रमाणित नमूना प्रमाणिक प्रतिलिपि प्रदान करें।
8. आवेदक के साथ अदा किये जाने वाले प्रोसेस फी–रूपये 10/– नगद/स्टॉम्प (बी.पी.एल. सूची के सदस्य को देय नहीं) रसीद क्र. 66F-139028 एवं दिनांक .... (भारतीय पोस्टल आर्डर) 10/-रु.
9. क्या आवेदक गरीबी की रेखा के नीचे है अथवा नहीं– हॉं/नहीं
   यदि हॉं तो बी.पी.एल. सूचनी का अनुक्रमांक

मेघा प्रोहित (जोशी)
हस्ताक्षर
(आवेदनकर्ता)

टीप– यदि आवेदक द्वारा डाक से आवेदन प्रेषित किया जाता है तो आवेदन पत्र पर रुपये 10/– का नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प चस्पा करते हुए स्वयं का पता अंकित करते हुए आवश्यक राशि का डाक टिकिट लगा लिफाफा संलग्न प्रेषित करें।

पावती

1. आवेदन प्राप्त होने का दिनांक ....
2. आवेदनकर्ता को वांछित जानकारी प्राप्त करने के संबंध में अग्रिम कार्यवाही हेतु उपस्थित होने का दिनांक ....
   (लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्राधिकृत)

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
पदनाम (रबर सील)

दिनांक ....

348
236

RTI MATTER
SPEED POST

संख्या–13–2/2025–RTI – 2281
भारत सरकार
भारतीय वन सर्वेक्षण
पे0ऑ0–आई0पी0ई0, कौलागढ़ मार्ग
देहरादून–248195

दिनांकः 12 सितम्बर, 2025

सेवा में,

Ms. Megha Purohit D/o Virendra Purohit
78, New Durga Nagar,
Near Marimata Chouraha, Indore,
Industrial Estate, Indore,
Madhya Pradesh-452015

Sub:- Information under RTI Act, 2005.

महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि आपके आर.टी.आई. आवेदन दिनांक 14.08.2025 द्वारा मांगी गई सूचना के संबंध में यह कहना है कि आपके पत्र द्वारा मांगी गयी सूचना संलग्न की जा रही हैं।

2. यदि मांगकर्ता इस उत्तर से संतुष्ट नहीं हैं तो इस पत्र की प्राप्ति की तिथि से तीस दिनों के भीतर मांगकर्ता निम्नांकित प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं।

मीरा अय्यर, (प्रथम अपीलीय अधिकारी)
भारतीय वन सर्वेक्षण,
कौलागढ़ मार्ग, देहरादून–248195
फोन न0.– 01352755037

भवदीया,

11/9/25
(गिरिजा अरोड़ा)
सहायक लोक सूचना अधिकारी

संलग्नः उपरोक्तनुसार

12/9/2025

O/C
11/09/25

343
285

संख्या.22–284 / 2025–एफ.जी.डी.-2072
भारतीय वन सर्वेक्षण
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
भारत सरकार
कौलागढ़ रोड़, पी0ओ0 – आई0पी0ई0
देहरादून– 248195

दिनांक 26 अगस्त, 2025

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी
भारतीय वन सर्वेक्षण
कौलागढ़ रोड, देहरादून।

विषयः– RTI Application under Right to Information Act, 2005.

संदर्भः– आपके पत्र संख्याः 13–2 / 2025–आर.टी.आई–2041 दिनांक 22 अगस्त, 2025

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित पत्र के संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि Smt. Megha Purohit, Madhya Pradesh की RTI आवेदन दिनांक 14.08.2025 के क्रम में मांगी गई जानकारी पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

भवदीया,

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

शिवानी 26.08.2025
(शिवानी डोगरा) भा.व.से.
संयुक्त निदेशक (एफ.जी.डी.)

सु.अ.ल.अ. 26/08/25

RTI Cell.

संख्या 22–230/2025–एफ.जी.डी -1387
भारतीय वन सर्वेक्षण
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
भारत सरकार
कौलागढ़ रोड़, पी0ओ0 – आई0पी0ई0
देहरादून– 248195

दिनांकः 16 जुलाई, 2025

सेवा में,

1. डॉ. शरद गोयल, परियोजना वैज्ञानिक
2. श्री तनय दास, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
3. श्री सत्येन्द्र कुमार, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
4. श्री प्रियोनाथ अधिकारी, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
5. श्री रशपाल, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
6. श्री बिस्वाजीत दास, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
7. श्री अनुपम पाल, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
8. श्री मनीष उनियाल, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
9. श्रीमती सोनिया शर्मा, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
10. कु0 प्रियंका कुमारी, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
11. श्री आशीष शर्मा, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
12. श्री नीरज कुमार, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
13. श्री जयंता कर्माकर, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
14. श्री राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
15. श्री गोपाल पात्रा, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
16. श्री प्रणब खटुआ, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
17. श्री अक्षय जोशी, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
18. श्री सौविक विस्वास, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
19. श्री संतोष दास, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
20. श्रीमती अंजना कुमारी, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
21. श्रीमती सविता वी. खड़से,वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
22. श्री बिस्वाजीत बैरा, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
23. श्री चन्द्र मोहन सिंह, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट
24. श्री सतीश कुमार, वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट

विषयः– परियोजना वैज्ञानिक एवं वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट की अनुबंध के आधार पर सेवा अवधि बढ़ाने संबंधी विषयक।

सक्षम प्राधिकारी के द्वारा आपके परियोजना वैज्ञानिक एवं वरिष्ठ टेक्निकल एसोसिएट का अनुबंध के आधार पर सेवा की अवधि को दिनांक 01/08/2025 से 31/01/2026 तक की अवधि अथवा प्रोजेक्ट का समापन, जो भी पहले हो, तक दिए हुए नियम व शर्तों के अनुसार बढ़ा दिया गया है। उसके पश्चात् आपकी सेवा स्वतः समाप्त समझी जायेगी। (TOR संलग्न 2 प्रति)

इस पत्र के साथ संलग्न TOR की दो प्रति में से एक प्रति पर हस्ताक्षर कर कार्यालय में जमा करवाये।

16/7/25
(मीरा अय्यर) भा.व.से.
संयुक्त निदेशक (एफ.जी.डी.)

प्रतिलिपिः

1. सहायक निदेशक (लेखा), भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून।

16/7/2025